<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में हिन्दी सप्ताह का आयोजन</u>

पंतनगर। 15 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक चेतना परिषद प्रोफेशनल सोसायटी द्वारा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत 'प्रवाह'–तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में छात्रों के मध्य हिंदी के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना था। इस हिंदी सप्ताह के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बढ़चढ़ कर प्रदर्शन किया। इनमें चित्रांकन–वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी कला और सृजनात्मकता को प्रस्तुत करने का मंच मिला। प्रज्ञात्म क्विज प्रतियोगिता ने हिंदी भाषा और साहित्य के ज्ञान को परखने का अवसर दिया। शब्दाकृति प्रतियोगिता जहाँ छात्रों की एक मिनट भाषण प्रतियोगिता ने हमारे छात्रों को त्वरित सोच और विचारों की अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया वहीं अक्षरांश काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और संवेदनशीलता को शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हमारे छात्रों ने न केवल हिंदी भाषा की सुंदरता और समृद्धि का अनुभव किया, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और उत्साह का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य था कि सभी को मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हिंदी भाषा का सम्मान और संवर्धन करते रहेंगे। कार्यक्रम में कुलपति महोदय डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, परामर्शदात्री डा. विनीता राठौर, कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, निर्णायक मंडल डा. सलिल तिवारी, डा. दिशा पंत, डा. अमन कांबोज, प्रधानाचार्य शिशु मंदिर श्री तुलसी प्रसाद भट्ट, डा. मनीषा रानी, श्रीमती उमा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डा. एस.के. कश्यप एवं डा. बृजेश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।